भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 52**
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2024
सोमवार, 31 आषाढ़, 1946 (शक)

**आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस**

**52. सुश्री एस. जोतिमणि:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार ने प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेबीवाई) के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को शामिल किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तमिलनाडु राज्य में पीएमकेवीवाई के आरंभ से इसके अंतर्गत कुल कितने युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है;

(ग) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कुल कितनी महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया है और पुरुषों की तुलना में प्रशिक्षित महिलाओं का प्रतिशत कितना है; और

(घ) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तमिलनाडु राज्य में पीएमकेवीवाई के अंतर्गत कितने युवाओं को प्रशिक्षित किया गया और रोजगार प्रदान किया गया?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) को कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में युवाओं को अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना तथा पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशलोन्नयन एवं पुनर्कौशल विकास प्रदान करना है।

पीएमकेवीवाई 4.0 को उद्योग और बाजार में कुशल कर्मचारियों की क्षेत्रीय मांग के अनुसार उम्मीदवारों को कौशल प्रदान करने के लिए मांग-आधारित स्कीम के रूप में तैयार किया गया है। इसके अलावा, यह स्कीम आधुनिक युग और उभरते पाठ्यक्रमों जैसे ड्रोन, कृत्रिम मेधा (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), 3डी प्रिंटिंग, ब्लॉक चेन, मेकाट्रानिक्स, रोबोटिक्स आदि से पर भी ध्यान केंद्रित करती है। पीएमकेवीवाई के तहत, वर्ष 2015 से दिनांक 30.06.2024 तक जॉब रोल, कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित जॉब में प्रशिक्षित उम्मीदवारों का विवरण नीचे दिया गया है:

| जॉब रोल का नाम | प्रशिक्षित/उन्मुख |
|---|---|
| एआई - बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट | 150 |
| एआई - डेटा आर्किटेक्ट | 40 |

| | |
|---|---|
| एआई - डेटा इंजीनियर | 201 |
| एआई - डेटा क्वालिटी एनालिस्ट | 954 |
| एआई - डेटा साइंटिस्ट | 228 |
| एआई - मशीन लर्निंग इंजीनियर | 1,026 |
| एआई - सॉल्यूशन आर्किटेक्ट | 106 |
| एआई और एमएल - जूनियर टेलीकॉम डेटा एनालिस्ट | 44 |
| एआई डिवाइस इंस्टॉलेशन ऑपरेटर | 165 |
| **योग** | **2,914** |

इसके अलावा, एमएसडीई ने कौशल विकास के लिए एक व्यापक और सुलभ मंच, स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) मंच शुरू किया है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के देश के युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक कौशल पाठ्यक्रम, जॉब के अवसर और उद्यमशीलता सहायता प्रदान करता है। एसआईडीएच उम्मीदवारों के कौशल का आकलन बढ़ाने और कौशल दक्षता एक्सट्रैक्टर इंजन, अनुशंसा इंजन आदि जैसे प्रासंगिक पाठ्यक्रमों की सिफारिश करने के लिए उन्नत एआई और मशीन लर्निंग तकनीकों का लाभ उठाता है। यह एआई/एमएल-संचालित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि यह मंच अनुकूलित कौशल आकलन और व्यक्तिगत शिक्षण मार्ग प्रदान करता है, जिससे उम्मीदवारों को अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और संगठनों को शीर्ष प्रतिभाओं का अभिनिर्धारण करने में सहायता मिलती है।

एसआईडीएच एआई और एमएल पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें 'फंडामेंटल्स ऑफ एज़्योर एआई स्पीच' और 'मशीन लर्निंग' जैसे आधारभूत कार्यक्रमों से लेकर 'गूगल क्लाउड जेनेरेटिव एआई' और 'हेल्थकेयर में बिजनेस वैल्यू बनाने के लिए एआई कार्य नीति' जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल हैं, जो विशेषज्ञता और अनुप्रयोग के विभिन्न स्तरों को पूरा करते हैं, जिससे प्रतिभागियों को एआई और एमएल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बने रहने में मदद मिलती है।

(ख) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, वर्ष 2015 से दिनांक 30.06.2024 तक, तमिलनाडु राज्य और करूर संसदीय क्षेत्र में क्रमशः 8.24 लाख और 85,253 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है।

(ग) पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, वर्ष 2015 से दिनांक 30.06.2024 तक, 65.60 लाख महिला उम्मीदवारों और 82.50 लाख पुरुष उम्मीदवारों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है, जिसमें महिला उम्मीदवारों की संख्या पुरुष उम्मीदवारों का 44% है।

(घ) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्षों (वित्त-वर्ष 2019-20 से 2024-25 दिनांक 30.06.2024 तक) के दौरान करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तमिलनाडु राज्य में पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों की संख्या का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

इस स्कीम के पहले तीन संस्करणों में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में नियोजन को ट्रैक किया गया था, जो कि पीएमवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 है, जिन्हें वित्त-वर्ष 2015-16 से वित्त-वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया। नियोजन को पीएमकेवीवाई 4.0 से अलग कर दिया गया है, जो कि इस स्कीम का वर्तमान संस्करण है, जिसे वित्त-वर्ष 2022-23 से कार्यान्वित किया जा रहा है। करूर निर्वाचन क्षेत्र सहित तमिलनाडु राज्य में पीएमकेवीवाई (1.0, 2.0 और 3.0) के तहत नियुक्त उम्मीदवारों की संख्या का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

अनुबंध-I

**दिनांक 22.07.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 52 के भाग (घ) के उत्तर के संदर्भ में**

**पिछले पांच वर्षों और चालू वर्षों (वित्त वर्ष 2019-20 से 2024-25 दिनांक 30.06.2024 तक) के दौरान करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तमिलनाडु राज्य में पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या का ब्योरा।**

| क्र.सं. | जिले | प्रशिक्षित उम्मीदवार |
|---|---|---|
| 1 | अरियालूर | 7,471 |
| 2 | चेंगलपट्टू | 557 |
| 3 | चेन्नई | 68,186 |
| 4 | कोयंबटूर | 24,128 |
| 5 | कुड्डालोर | 6,172 |
| 6 | धर्मपुरी | 6,135 |
| **7** | **डिंडीगुल** | **8,215** |
| 8 | इरोड | 9,226 |
| 9 | कल्लाकुरिची | 20 |
| 10 | कांचीपुरम | 26,740 |
| 11 | कन्नियाकुमारी | 6,845 |
| **12** | **करूर** | **4,321** |
| 13 | कृष्णागिरी | 14,201 |
| 14 | मदुरै | 13,057 |
| 15 | नागपट्टिनम | 5,004 |
| 16 | नमक्कल | 8,083 |
| 17 | पेरम्बलूर | 4,473 |
| **18** | **पुदुक्कोट्टई** | **2,976** |
| 19 | रामनाथपुरम | 4,787 |
| 20 | रानीपेट | 648 |
| 21 | सलेम | 9,566 |
| 22 | शिवगंगा | 3,504 |
| 23 | तेनकासी | 445 |
| 24 | तंजावुर | 5,545 |
| 25 | नीलगिरी | 4,549 |
| 26 | थैनी | 2,179 |
| 27 | तिरुवल्लुर | 17,093 |
| 28 | थिरुवरुर | 5,037 |
| **29** | **तिरुचिरापल्ली** | **22,147** |
| 30 | तिरुनेलवेली | 5,022 |
| 31 | तिरुपथुर | 813 |
| 32 | तिरुपूर | 7,878 |
| 33 | तिरुवन्नामलाई | 13,621 |
| 34 | तूतीकोरिन | 2,316 |
| 35 | वेल्लोर | 27,398 |
| 36 | विल्लुपुरम | 5,383 |
| 37 | विरुधुनगर | 5,780 |
| **सकल योग** | | **359,521** |

**अनुबंध-II**

**करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तमिलनाडु राज्य में पीएमकेवीवाई (1.0, 2.0 और 3.0) के अंतर्गत नियोजित उम्मीदवारों की संख्या का ब्योरा**

| क्र.सं | जिला | नियोजित उम्मीदवार |
|---|---|---|
| 1 | अरियालूर | 1,559 |
| 2 | चेंगलपट्टू | 0 |
| 3 | चेन्नई | 3,045 |
| 4 | कोयंबटूर | 1,796 |
| 5 | कुड्डालोर | 1,564 |
| 6 | धर्मपुरी | 1,347 |
| **7** | **डिंडीगुल** | **1,367** |
| 8 | इरोड | 1,912 |
| 9 | कल्लाकुरिची | 0 |
| 10 | कांचीपुरम | 2,518 |
| 11 | कन्नियाकुमारी | 1,147 |
| **12** | **करूर** | **565** |
| 13 | कृष्णागिरी | 1,555 |
| 14 | मदुरै | 1,583 |
| 15 | नागपट्टिनम | 711 |
| 16 | नमक्कल | 1,626 |
| 17 | पेरम्बलुर | 1,841 |
| **18** | **पुदुक्कोट्टई** | **396** |
| 19 | रामनाथपुरम | 1,290 |
| 20 | रानीपेट | 19 |
| 21 | सलेम | 1,046 |
| 22 | शिवगंगा | 632 |
| 23 | तेनकासी | 0 |
| 24 | तंजावुर | 1,118 |
| 25 | नीलगिरी | 368 |
| 26 | थैनी | 1,203 |
| 27 | तिरुवल्लुर | 2,260 |
| 28 | थिरुवरुर | 411 |
| **29** | **तिरुचिरापल्ली** | **2,517** |
| 30 | तिरुनेलवेली | 826 |
| 31 | तिरुपथुर | 0 |
| 32 | तिरुपूर | 1,834 |
| 33 | तिरुवन्नामलाई | 1,328 |
| 34 | तूतीकोरिन | 1,597 |
| 35 | वेल्लोर | 1,095 |
| 36 | विल्लुपुरम | 1,356 |
| 37 | विरुधुनगर | 2,023 |
|  | **योग** | **45,455** |

*****